# कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, कांकेर वृत्त, कांकेर (छत्तीसगढ़)

ccfkanker3@gmail.com (07868) 222014 (07868) 222472

क्रमांक/स्टेनो/लेखा/594 कांकेर, दिनांक/02/ 03/2022

प्रति,

**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
**(मानव संसाधन विकास/सूचना प्रौद्योगिकी), छ0ग0**
**नया रायपुर अटल नगर ।**

**विषय :–** एम.एस.सी./बी.एस.सी. (फारेस्ट्री) योग्यताधारी व्यक्तियों के चयन हेतु आयोजित वॉक इन इनटरव्यू से संबंधित सूचना विभागीय बेवसाईट में अपलोड करने बाबत् ।

**संदर्भ :–** **इस कार्यालय का पृ.क्रमांक/लेखा/1424 दिनांक 24.2.2022**

———00———

कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें । कांकेर वन वृत्त अंतर्गत कराये जाने क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण एवं अन्य कार्यो के डाटा कलेक्शन , अभिलेख तैयार करने हेतु एम.एस.सी./बी.एस.सी. (फारेस्ट्री) योग्यताधारी व्यक्तियों के चयन हेतु दिनांक 15.3.2022 को आयोजित वॉक इन इनटरव्यू से संबंधित सूचना संलग्न है । कृपया विभागीय बेवसाईट www.cgforest.com पर अपलोड करवाने का अनुरोध है ।

**संलग्न :–** उपरोक्तानुसार ।

मुख्य वन संरक्षक,
कांकेर वृत्त, कांकेर

पृ.क्रमांक/स्टेनो/लेखा/595 कांकेर, दिनांक 02/03.2022

प्रतिलिपि :–1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी (कैम्पा) छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर की ओर संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।

2. समस्त वन मण्डलाधिकारी कांकेर वृत्त की ओर सूचनार्थ एवं वन मण्डल कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा करने हेतु अग्रेषित ।

3. कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा हेतु ।

**संलग्न :–** उपरोक्तानुसार

मुख्य वन संरक्षक,
कांकेर वृत्त, कांकेर

**कांकेर वन वृत्त अंतर्गत कैम्पा मद से कराये जा रहे क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण एवं अन्य कार्यो के डाटा कलेक्शन, अभिलेख तैयार करने हेतु एम.एस.सी./बी.एस.सी. योग्यताधारी व्यक्तियों को कार्य (जॉब दर) पर रखने के संबंध में दिनांक 15.3.2022 को आयोजित Walk-in-Interview**

--00--

मुख्य कार्यपालन अधिकारी (कैम्पा) छ.ग. के पत्र क्रमांक/कैम्पा /332/2022/858 दिनांक 7.2.2022 द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में कांकेर वन वृत्त अंतर्गत कैम्पा मद से कराए जा रहे क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण, वन्य प्राणी प्रबंधन योजना एवं एन.पी.व्ही. के कार्यो को सुचारू से संपादित कराने, कार्यो के परियोजना निर्माण, मृदा परीक्षण, मानिटरिंग एवं अभिलेख तैयार करने तथा ई-ग्रीन वॉच पोर्टल के लिए डाटा कलेक्शन हेतु फारेस्ट्री संकाय के बी.एस.सी./एम.एस.सी. योग्यता धारित करने वाले व्यक्तियों को कार्य पर दैनिक/मासिक पारिश्रमिक पर रखने हेतु मुख्य वन संरक्षक, कांकेर वृत्त कांकेर छ.ग. कार्यालय में दिनांक 15.3.2022 को प्रातः 9.30 बजे से आयोजित Walk-in-Interview का विज्ञापन प्रकाशित हुआ, जिसका विज्ञापन क्रमांक जी. 68158 है ।

फारेस्ट्री संकाय के बी.एस.सी./एम.एस.सी. योग्यता धारित व्यक्तियों को कार्य पर दैनिक/मासिक पारिश्रमिक पर रखने हेतु कार्य का स्वरूप, अनिवार्य/सहायक शैक्षणिक योग्यता, दैनिक/मासिक पारिश्रमिक दर, कार्य पर रखने की प्रक्रिया, पारिश्रमिक भुगतान का स्त्रोत, आदि का विवरण निम्नानुसार है :-

1. कार्य का स्वरूप :-

i. क्षतिपूर्ति एन.पी.व्ही. कार्य एवं वन्य प्राणी प्रबंधन योजना अंतर्गत विभिन्न कार्यो के सुचारू रूप से संपादन हेतु कार्यस्थल का भ्रमण कर लगातार मॉनिटरिंग करना।

ii. कैम्पा मद के अंतर्गत पूर्व में स्वीकृति क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण, एन.पी.व्ही. कार्य एवं वन्य प्राणी प्रबंधन योजना के क्रियान्वयन एवं ई-ग्रीन वॉच पोर्टल में डाटा अपलोडिंग कार्य की मॉनिटरिंग करना।

iii. क्षेत्रीय स्तर पर क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण, एन.पी.व्ही.कार्य एवं वन्य प्राणी प्रबंधन से संबंधित कार्य अंतर्गत आवश्यकतानुसार संरक्षण/संवर्धन हेतु क्षेत्रीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तकनीकी मार्गदर्शन देना तथा इस हेतु उनके साथ लगातार समन्वय स्थापित करना।

iv. वृक्षारोपण के स्वास्थ्य/गुणवत्ता की लगातार मॉनिटरिंग करना।

v. परियोजना निर्माण हेतु Ground Truthing कार्य करना।

vi. वृक्षारोपण क्षेत्र में data collection, periodically measurement of growth parameters (Girth, height etc.) इत्यादित कार्य करने हेतु अधिक से अधिक Field Visit करना।

2. शैक्षणिक योग्यता :-

(i) Essential Qualification : First Class **M.Sc** in Forestry/Agroforestry /Wildlife Science.

(ii) Desirable Qualification : Working Knowledge of Computers (Microsoft Office) etc.

(iii) Essential Qualification : First Class **B.Sc** in Forestry/Agroforestry /Wildlife Science

(iv) Desirable Qualification : Working Knowledge of Computers (Microsoft Office) etc.

3. पारिश्रमिक (दैनिक/मासिक) :-

| Qualification | Emolument (पारिश्रमिक दर) |
|---|---|
| **Essential Qualification :** First Class **M.Sc.** in Forestry/ Agroforestry /Wildlife Science.<br>**Desirable Qualification :** Working Knowledge of Computers (Microsoft Office) etc. | **Rs. 24000/month-** Maximum amount |
| **Essential Qualification :** First Class **B.Sc.** in Forestry/ Agroforestry /Wildlife Science<br>**Desirable Qualification :** Working Knowledge of Computers (Microsoft Office) etc. | **Rs. 21000/month-** Maximum amount |

एक माह में 26 दिवस की कार्यावधि के लिए उक्त तालिका अनुसार शैक्षणिक योग्यता के आधार पर एम.एस.सी.योग्यताधारी के लिए (24000/- ÷ 26 दिवस) लगभग 920/- प्रति दिवस (अधिकतम 24,000/- प्रतिमाह) तथा बी.एस.सी.योग्यताधारी के लिए (21000/- ÷ 26 दिवस) लगभग 808/- प्रति दिवस (अधिकतम 21,000/- प्रतिमाह) निर्धारित है । इसके अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता देय नहीं होगा।

4. कार्य पर रखने की प्रक्रिया

ऐसे वनमंडलों जहाँ क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण, वन्यप्राणी प्रबंधन योजना, एन.पी.व्ही.मद से कराये जा रहे वृक्षारोपण इत्यादि कार्यो का क्रियान्वयन किया जा रहा हो, उन वनमंडलों में वानिकी संकाय में एम.एस.सी तथा बी.एस.सी. योग्यताधारी एवं अनुभवी युवक को कार्य पर रखने की अनुमति होगी। जिन वनमंडलों में उपरोक्त कार्यो का क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है, उन वनमंडलों में ऐसे युवक को कार्य पर रखने की अनुमति नहीं होगी। एक वनमंडल में एक व्यक्ति को ही कार्यपर रखा जावेगा। योग्य व्यक्ति के चयन हेतु वृत्त स्तर पर समिति गठन किया जावे। योग्य व्यक्तियों चयन के लिए नियमानुसार चयन प्रक्रिया का पालन किया जावे।

5. पारिश्रमिक भुगतान का स्त्रोत

उपरोक्त व्यक्तियों को पारिश्रमिक का भुगतान क्षतिपूर्ति परियोजना, वन्य प्राणी प्रबंधन योजना एवं अन्य योजनाओं के स्वीकृत परियोजना प्रतिवेदन में प्रावधानित सर्वे सीमांकन, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन , मानचित्रण, परियोजना निर्माण, डाटा कलेक्शन/एनालिसिस की राशि से किया जावेगा। इनका भुगतान किसी भी मद में पृथक से भारित नहीं किया जावेगा। इन व्यक्तियों को परियोजना अवधि तक आवश्यकतानुसार पारिश्रमिक दर पर कार्य में रखा जावेगा। परियोजना अवधि अथवा परियोजना में प्रावधानित राशि के समाप्त होने पर कार्य से बंद कर दिया जावे।

6. एम.एस.सी./बी.एस.सी. (वानिकी संकाय) योग्यताधारी व्यक्तियों को जॉब दर पर कार्य पर रखने हेतु वनमंडलवार स्वीकृत संख्या

| वृत्त का नाम | वनमंडल का नाम | स्वीकृत संख्या |
|---|---|---|
| कांकेर | कांकेर | 1 |
| | पूर्व भानुप्रतापपुर | 1 |
| | केशकाल | 1 |
| | दक्षिण कोण्डागांव | 1 |

7. आवेदन का प्रारूप

आवेदन का प्रारूप संलग्न है ।

मुख्य वन संरक्षक,
कांकेर वृत्त,कांकेर

## //कैम्पा योजनांतर्गत संचालित कार्यो के डाटा संकलन, अभिलेखन, मानीटरिंग आदि कार्य (जॉब दर) हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप//

| स्व-प्रमाणित फोटोग्राफ |
|---|
| |

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक
कांकेर वृत्त, कांकेर (छ.ग.)
पिन 494 334

- आवेदित जॉब पद का प्रकार :- बी.एस.सी. या एम.एस.सी. (फारेस्ट्री/एग्रो फारेस्ट्री/वाईल्ड लाईफ सांईस)
- वन मण्डल का नाम जिस हेतु आवेदन किया जा रहा है :- ......................................................................

1. नाम :- ......................................................................
2. पिता का नाम :- ......................................................................
3. माता का नाम :- ......................................................................
4. जाति :- ......................................................................
5. लिंग(महिला/पुरूष) :- ......................................................................
6. जन्मतिथि (अंको में) :- ......................................................................
   जन्मतिथि (शब्दों में) :- ......................................................................
7. निवास जिला :- ......................................................................
8. स्थायी पता :- ......................................................................
9. वर्तमान/पत्र व्यवहार पता :- ......................................................................
10. ई-मेल :- ......................................................................
11. मोबाईल नम्बर :- ......................................................................
12. आधार नम्बर :- ......................................................................
13. शैक्षणिक योग्यता :-

| क्र. | परीक्षा का नाम | वि.वि. का नाम | वर्ष | विषय | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

14. कम्प्यूटर दक्षता (हॉ/नहीं) :- ......................................................................
    यदि हॉ तो प्रमाण पत्र की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें।
15. क्या आप वर्तमान में कहीं और कार्यरत् हैं ? यदि हॉ तो विवरण ? ......................................................................

16. कार्य अनुभव अगर हो तो :- ..........................................................................................
विवरण अनुभव प्रमाण पत्र सहित ।

17. स्व-प्रमाणित दस्तावेजो की सूची :- ..........................................................................................
..........................................................................................
..........................................................................................
..........................................................................................

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि इस आवेदन पत्र में प्रस्तुत समस्त जानकारी/दस्तावेज पूर्णतः सत्य एवं सही है, कोई भी जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा ।

स्थान :
दिनांक :

(अभ्यर्थी का पूर्ण नाम एवं हस्ताक्षर)